# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

"वित भवन" जनपथ, जयपुर–302015

(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल jdpl-ta-rj@nic.in)


क्रमांक :– एफ. 3(ख) (डी–डीजीएस/1211)/ अलेसे–I I/ 1210 दिनांक :– 6-10-16

***अनापत्ति प्रमाण पत्र***

श्री देवेन्द्र सिंह राजावत (लिंक न0. 1211) कार्यालय ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, पंचायत समिति दौसा सहायक लेखाधिकारी ग्रेड़–II के पद पर कार्यरत हैं एवं जिनकी जन्म तिथि 13.09.1971 है, को उनके प्रार्थना पत्र क्रमांक 3612 दिनांक 05.10.2016 के क्रम में दिनांक 07.10.2016 से 14.10.2016 तक (8 दिवस) की अवधि में तजाकिस्तान जाने हेतु निम्नलिखित शर्तो के अधीन अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाता है :–

1. वह अवकाश स्वीकृत कराने के पश्चात् ही विदेश यात्रा पर प्रस्थान करेगें।
2. वह विदेश यात्रा पर प्रस्थान करने से पूर्व इस विभाग एवं सम्बन्धित कार्यालय को विदेश प्रवास में ठहरने का पूर्ण पता मय टेलीफोन नम्बर/फैक्स नम्बर आदि सूचित करेगें।
3. विदेश यात्रा के लिये प्रथम बार में स्वीकृत अवकाश में किसी प्रकार की वृद्धि स्वीकार नहीं होगी।
4. वह विदेश यात्रा के दौरान किसी प्रकार का व्यवसाय/विदेश सेवा ग्रहण नहीं करेगें।
5. वह विदेश यात्रा के दौरान राजकीय अभिलेख/सूचना की गोपनीय भंग नहीं करेगें।
6. वह विदेश यात्रा में किसी प्रकार का अध्ययन नहीं करेगें।
7. उनके द्वारा विदेश से भेजा हुआ त्याग पत्र स्वीकृत नहीं किया जावेगा।
8. विदेश यात्रा हेतु अथवा विदेश यात्रा के दौरान राज्य सरकार द्वारा/के माध्यम से कोई व्यय/ विदेश विनिमय नहीं किया जावेगा।
9. वह विदेश से लौटकर इस विभाग को सूचित करेगें।
10. पासपोर्ट की सत्यापित प्रति इस विभाग को प्रस्तुत करेगें।
11. राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों की उनके द्वारा पूर्ण पालना की जावेगी।

**यह स्वीकृति 07.10.2016 से 14.10.2016 की अवधि के लिये मान्य होगी ।**

(पंकज पाटनी)
निदेशक

क्रमांक :– एफ. 3(ख) (डी–डीजीएस/1211)/ अलेसे–I I/ 1210 दिनांक :– 6-10-16

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. ब्लॉक प्राम्भिक शिक्षा अधिकारी, पंचायत समिति दौसा
2. श्री देवेन्द्र सिंह राजावत, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II ब्लॉक प्राम्भिक शिक्षा अधिकारी, पंचायत समिति दौसा
3. उपनिदेशक कम्प्यूटर शाखा।
4. अतिरिक्त निजि सचिव, निदेशक महोदया।

(डॉ. मनीष शुक्ला)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक-II)